समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 30 August 2026

# IND W vs ENG W: लॉर्ड्स मे भारत की ऐतिहासिक जीत, 12 साल बाद इंग्लैडं की धरती पर टेस्ट मैच जीता

Sanket Morankar

Published on 13 Jul 2026



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले गए एकमात्र टेस्ट मुकाबले में इंग्लैंड को **270 रन** से हराकर इतिहास रच दिया। क्रिकेट के 'मक्का' कहे जाने वाले लॉर्ड्स मैदान पर आयोजित पहले महिला टेस्ट मैच में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यादगार जीत दर्ज की। इसके साथ ही टीम इंडिया **12 साल बाद इंग्लैडं की सरजमीं पर टेस्ट मैच जीतने** में भी सफल रही।

### पहली पारी मे स्मृति मंधाना ने दिखाई क्लास

भारतीय टीम ने पहली पारी में **285 रन** बनाए। सलामी बल्लेबाज **स्मृति मंधाना** ने शानदार **83 रन** की पारी खेली, जबकि कप्तान **हरमनप्रीत कौर** ने **58 रन** और **दीप्ति शर्मा** ने **57 रन** का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी **170 रन** पर सिमट गई। भारत की ओर से तेज गेंदबाज **क्रांति गौड़** ने शानदार गेंदबाजी करते हुए **37 रन देकर 5 विकेट** झटके। वहीं **सायली सतघरे** और **स्नेह राणा** ने दो-दो विकेट हासिल किए।

### यस्तिका भाटिया के शतक से भारत ने बनाया विशाल स्कोर

पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल करने के बाद भारत ने दूसरी पारी में **341/7** रन बनाकर घोषित कर दी।

इस दौरान **यस्तिका भाटिया** ने **158 गेदों मे 113 रन** की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। वहीं **स्मृति मंधाना** ने लगातार दूसरी पारी में भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए **70 रन** बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज **ऋचा घोष** ने तेज़ अंदाज में **52 गेदों पर 50 रन** बनाए।

भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए **457 रन** का विशाल लक्ष्य रखा।

## भारतीय गेदंबाजों ने फिर दिखाया दम

457 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। पहली पारी के हीरो **क्रांति गौड़** ने दूसरी पारी की पहली गेंद पर अनुभवी बल्लेबाज **टैमी ब्यूमोंट** को बिना खाता खोले बोल्ड कर दिया।

हालांकि **एमी जोन्स** ने **54 रन** और **सोफी एक्लेस्टन** ने **50 रन** की संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड की टीम **186 रन** पर ऑलआउट हो गई।

भारत की ओर से **स्नेह राणा** ने **4 विकेट**, जबकि **क्रांति गौड़**, **सायली सतघरे** और **दीप्ति शर्मा** ने **2-2 विकेट** लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

## भारत ने रचा नया इतिहास

इस शानदार जीत के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां अपने नाम कीं। टीम इंडिया लॉर्ड्स में महिला टेस्ट जीतने वाली पहली टीम बन गई और 12 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद इंग्लैंड में टेस्ट जीतने का कारनामा भी कर दिखाया। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत ने पूरी तरह मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.